प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायाधीश-मऊ।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या - 14/Admin. 'D' Section Dated 15.10.2022 के अनुपालन में जिला न्यायालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की जानी है। उक्त के अनुक्रम में वरिष्ठ सहायक के 77 पदों को पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

1. जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे लिपिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो, आवेदन कर सकते हैं। यह पुनर्नियुक्ति 01 वर्ष के लिए की जायेगी एवं पूर्णत: अस्थायी होगी। यदि अधिष्ठान में उपलब्ध रिक्त पदों को, जिस पर पुनर्नियुक्ति की गयी है, पदोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित रूप से भर लिया जाता है तो सेवानिवृत्त कर्मचारियो की पुनर्नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी।
2. पुनर्नियुक्ति कर्मचारीगण को अंतिम आहरित मूल वेतन में से पेंशन की राशि को घटाकर परिलब्धियों का भुगतान किया जायेगा।
3. यह पुनर्नियुक्ति साक्षात्कार एवं वार्षिक प्रविष्टियों को दृष्टिगत रखते हुए की जायेगी। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र व सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत स्वस्थता प्रमाण-पत्र अवश्य संलग्न करें। पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में दिनांक 06.02.2023 को सायं 05:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, मऊ में स्वीकार किये जायेंगे तथा निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त हुए आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय नाजिर एवं लेखा लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को सेवानिवृत्त लिपिकों के मध्य परिचारित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें। सिस्टम ऑफिसर कम्प्यूटर को निर्देशित किया जाता है कि विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय,मऊ की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें एवं माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिला सूचना अधिकारी को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति की प्रति भेजी जाए।

सर्वसंबंधित सूचित हों।

20/01/23

(अशोक कुमार)
सदस्य चयन समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट संख्या-01, मऊ।

जिला न्यायालय, मऊ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

(माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या-14/Admin. 'D' Section Dated 15.10.2022 के अनुपालन में)

आवेदित पद का नाम- लिपिक

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो (स्वप्रमाणित)

1. आवेदक का नाम-...

2. पिता/ पति का नाम-..

3. जन्मतिथि-..

4. सेवानिवृत्त की तिथि-...

5. अंतिम धारित पद, अंतिम आहरित मूल वेतन एवं जिला न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)-

....

6. पी.पी.ओ. संख्या (छायाप्रति संलग्न करें)...

7. स्थायी पता-

....

....

....

8. अस्थायी पता

....

....

....

9. मोबाइल नम्बर-...

10. ई-मेल आई.डी.-...

11. शैक्षणिक योग्यता-..

घोषणा-पत्र

मैं इस आशय की घोषणा करता हूँ/ करती हूँ कि मै शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हूँ एवं जनपद न्यायालय, मऊ में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूँ। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं हैं। उपरोक्त सूचनायें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सत्य व सही हैं। यदि किसी समय उक्त सूचनायें गलत पायी जाती हैं तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी होगी। पुनर्नियुक्ति हेतु सभी नियम व शर्तें मुझे स्वीकार हैं।

दिनांक-

स्थान-

आवेदक के हस्ताक्षर